**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–02 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पूरे देश में एक साथ जांच करने के लिए सीबीआई को दिया निर्देश। राज्यों से डिजिटल अरेस्ट के मामलों में जांच के लिए सीबीआई को अनुमति देने के लिए कहा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में समीक्षा बैठक में धान क्रय केन्द्रों की संख्या पांच हजार तक बढ़ाने और किसानों को समय से भुगतान करने के दिये निर्देश।
- प्रदेश में बिजली बिल राहत योजना लागू। पहले चरण में बकायेदारों के लिये सौ प्रतिशत ब्याज माफी और पच्चीस प्रतिशत मूलधन में छूट।
- वाराणसी में आज से शुरू हो रहा है काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का पहला चरण।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पूरे देश में एक साथ जांच करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सभी राज्यों से कहा है कि वे डिजिटल अरेस्ट के मामलों में जांच के लिये सीबीआई को अनुमति प्रदान करें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने हरियाणा के एक बुजुर्ग दम्पत्ति की शिकायत पर दर्ज मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए यह निर्देश दिये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धान क्रय केंद्रों पर आने वाले हर किसान का धान खरीदने और समय पर उनके खाते में सीधे भुगतान करने का निर्देश दिया है। कल लखनऊ में एक बैठक में धान खरीद की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकतानुसार अनुसार मैन पॉवर बढ़ाई जाये, जिससे किसानों को वापस न जाना पड़े। उन्होंने धान क्रय केंद्रों की संख्या पांच हजार करने के निर्देश दिये, ताकि किसानों को अपने गांव के निकट ही सुविधा उपलब्ध हो सके।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मिड–डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

**********

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों तक अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। कल लखनऊ में आयोजित विकसित यूपी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सवाओं के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक उत्तर प्रदेश की पचीस करोड़ जनता को वही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, जो केवल महानगरों में मिलती हैं। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा और इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका निर्णायक रहेगी।

**********

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य तेजी से चल रहा है। राज्य के कई जिलों ने इसमें उल्लेखनीय प्रगति की है। एटा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय से पूर्व सौ प्रतिशत पूरा हो गया है, जबकि अमरोहा में एसआईआर से सम्बन्धित कार्य की प्रगति लगभग तिरासी प्रतिशत है। इस बीच भारत निर्वाचन आयोग ने कल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर एसआईआर के कार्यों की समीक्षा की। इस सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना प्रपत्रों के संग्रह तथा डिजिटाइजेशन के कार्यों में लगे कर्मचारियों के परिश्रम से प्रदेश में अब तक ग्यारह करोड़ पंचानवे लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अट्ठारह हजार पांच सौ बयासी बीएलओ ने अपना कार्य शत प्रतिशत पूरा कर लिया है।

उधर, लखनऊ में एसआईआर और उसकी महत्ता के प्रति कल लोगों को जागरूक करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बारह राज्यों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया की तिथि बढ़ाए जाने का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि अब मतदाता आसानी से गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकेंगे और इससे इस कार्य में लगे कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी।

***एसआईआर भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष पारदर्शिता पूर्ण सूची बनाने के लिए एक बड़ा अभियान छेड़ा है। उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों में चल रहा है। डेट बढ़ने से जो मतदाता हैं, वह आराम से अपना गणना पर पत्र जमा कर सकेंगे और जो गणना कर्मी है, उनको भी सुविधा मिलेगी। मैं भारत निर्वाचन आयोग का बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूं।***

**********

पूरे प्रदेश में 'बिजली बिल राहत योजना दो हजार पचीस छब्बीस' कल से लागू हो गई। योजना के प्रथम चरण में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को शत प्रतिशत ब्याज माफी एवं मूलधन पर पचीस प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रयागराज के सोरांव सब स्टेशन से इस योजना की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने प्रतापगढ़ के कुंडा सब स्टेशन और

रायबरेली जिले के ऊंचाहार सब स्टेशन में मेगा कैंप का उदघाटन किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करेगी, बल्कि बिजली विभाग और उपभोक्ता दोनों के बीच विश्वास तथा सहयोग के नए युग की शुरुआत करेगी।

***उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को दशकों पुराने बिजली के बकाये भार से मुक्ति देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा से हम लोगों ने बहुत ही उदार, बहुत ही ऐतिहासिक बिजली बिल योजना चलाई है। बहुत ही अच्छी योजनायें इस योजना में सौ प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी पच्चीस प्रतिशत माफी का प्राविधान किया गया है।***

**********

तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों के उत्सव काशी–तमिल संगमम का चौथा संस्करण वाराणसी में आज से शुरू हो रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***इस बार के काशी तमिल संगमम 4.0 का मूल मंत्र है, 'आइए तमिल सीखें – यानी तमिल करकलाम।' यह संस्करण तमिल भाषा सीखने की भावना केंद्र में रखता है, और इस विश्वास को आगे बढ़ाता है कि सभी भारतीय भाषाएँ एक साझा भारतीय भाषा परिवार का हिस्सा हैं। काशी में होने वाले इस आयोजन में 1400 से अधिक प्रतिनिधि तमिलनाडु से शामिल होंगे। इनमें– छात्र, शिक्षक, लेखक और मीडिया पेशेवर, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लोग, पेशेवर और कारीगर, महिलाएं और आध्यात्मिक विद्वान शामिल हैं। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का पहला चरण आज से पंद्रह दिसम्बर तक वाराणसी में आयोजित होगा। संगमम का दूसरा चरण पंद्रह से इकतीस दिसम्बर तक तमिलनाडु में आयोजित किया जायेगा। एक रिपोर्ट–

***एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए वाराणसी में शुरू हो रहे काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि तथा पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन भी उपस्थित रहेंगे। भारत सरकार के तकनीकि शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रमुख सचिव गोविन्द जायसवाल ने बताया कि काशी–तमिल संमगम 4.0 के पहले चरण में तमिलनाडु से छात्रों और शिक्षकों का सात दल वाराणसी आयेगा, वहीं तीन सौ छात्र वाराणसी से तमिलनाडु जायेंगे। तमिलनाडु से आने वाले दल में शामिल शिक्षक वाराणसी के स्कूलों में बच्चों को तमिल भाषा सिखायेंगे। इसके अलावा ऐतिहासिक कार रैली–ऋषि अगस्त्य वाहन रैली भी होगी, एक प्रमुख पहल के रूप में यह रैली 2 दिसंबर को तेनकाशी (तमिलनाडु) से शुरू होगी और 10 दिसंबर को वाराणसी में इसका समापन होगा। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

काशी तमिल संगमम में आने वाले मेहमानों को वाराणसी में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कराया जायेगा। श्री काशी विश्वनाथ धाम न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि मेहमानों का परम्परा के अनुसार स्वागत किया जायेगा।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने प्रवर अधीनस्थ सेवा–पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा–दो हजार पचीस सहायक वन संरक्षक और क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–दो हजार पचीस के परिणाम घोषित कर दिये हैं। कुल नौ सौ बीस पदों पर भर्ती के लिये आयोजित इस परीक्षा में ग्यारह हजार सात सौ सत्ताइस अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिये सफल घोषित किया गया है। घोषित पदों में आठ सौ चौदह पद पीसीएस और एक सौ छः पद सहायक वन संरक्षक तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी के हैं। प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

**********